-प्रेस नोट-

दिनांकः 22.08.2024

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## थाना कोतवाली मण्डी पुलिस द्वारा 02 शातिर नशा तस्कर अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 100 ग्राम स्मैक नाजायज व 100 ग्राम स्मैक कट बरामद

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में अपराध नियंत्रण एवं मादक पर्दार्थो की तस्करी करने वाले अपराधियो की गिरफ्तारी व रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी नगर प्रथम के निकट पर्यवेक्षण मे तथा प्रभारी निरीक्षक श्री नेमचन्द सिहं के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 22.08.2024 को मुखबिर की सूचना पर चेकिंग के दौरान थाना कोतवाली मण्डी पुलिस टीम द्वारा दो शातिर नशा तस्कर **अभियुक्तगण 1.अरशद पुत्र अब्दुल मजीद निवासी गली नं0-11 आली की चुगी थाना मण्डी सहारनपुर पूर्व पता मौहल्ला हलवाई वाला सहारनपुर 2. शहबाज पुत्र शाकिर निवासी पीर वाली गली नं0-20 थाना मण्डी सहारनपुर हाल पता धुलाई भट्टी वाली गली नं0-7 मंसूर कालोनी विसातियो के मदरसे के पास थाना मण्डी सहारनपुर** को प्राथमिक विद्यालय, कमेला कालोनी के पास स्थित पशु पैंठ मैदान के सामने पुलिया से गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से 100 ग्राम स्मैक नाजायज व 100 ग्राम स्मैक कट नाजायज बरामद। बरामदगी एवं गिरफ्तारी के आधार पर थाना कोतवाली मण्डी जनपद सहारनपुर पर मु0अ0स0 317/24 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण के विरूद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

अभियुक्तगण ने पूछताछ पर बताया कि हम लोग ज्याद पढे लिखे नही है और मेहनत मजदूरी कर अपना गुजर बसर करते हैं। हम दोनों नशे के आदी हैं और मजदूरी से हमारी नशे की जरूरते पूरी नही होती है इसलिए हम लोग बाहर से सस्ती स्मैक लाकर आस पास के लोगो को बेच देते है जिससे हमारी नशे की जरूरते पूरी हो जाती है साथ ही अच्छी कमाई भी हो जाती है। जिससे हम लोग अपने शौक भी पूरा कर लेते है।

### गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता –

1. अरशद पुत्र अब्दुल मजीद निवासी गली नं0-11 आली की चुगी थाना मण्डी सहारनपुर पूर्व पता मौहल्ला हलवाई वाला सहारनपुर
2. शहबाज पुत्र शाकिर निवासी पीर वाली गली नं0-20 थाना मण्डी सहारनपुर हाल पता धुलाई भट्टी वाली गली नं0-7 मंसूर कालोनी विसातियो के मदरसे के पास थाना मण्डी सहारनपुर

### अभियुक्त अरशद उपरोक्त का आपराधिक इतिहास

1. मु0अ0सं0 163/19 धारा 379,411,482 भादवि थाना को0नगर स0पुर
2. मु0अ0सं0 518/19 धारा 392,411 भादवि थाना मण्डी स0पुर
3. मु0अ0सं0 519/19 धारा 379,411भादवि थाना मण्डी स0पुर
4. मु0अ0सं0 526/19 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट थाना मण्डी स0पुर
5. मु0अ0सं0 527/19 धारा 420,414 भादवि 41/2 सीआरपीसी थाना मण्डी स0पुर

6. मु0अ0सं0 790/19 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट थाना मण्डी स0पुर
7. मु0अ0सं0 236/19 धारा 379,411 भादवि थाना मण्डी स0पुर

**अभियुक्त शहबाज उपरोक्त का आपराधिक इतिहास**

1. मु0अ0सं0 167/23 धारा 363 भादवि थाना जनकपुरी स0पुर
2. मु0अ0सं0 27/22 धारा 13 जुआ अधि0 थाना मण्डी स0पुर

**बरामदगी का विवरण –**

100 ग्राम अवैध स्मैक

100 ग्राम अवैध स्मैक कट

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम–**

1. उ0नि0 श्री राजबहादुर राठी थाना कोतवाली मण्डी सहारनपुर
2. उ0नि0 श्री अतुल कुमार थाना कोतवाली मण्डी सहारनपुर
3. है0का0 672 प्रदीप थाना कोतवाली मण्डी सहारनपुर
4. का0 1802 बिट्टू थाना कोतवाली मण्डी सहारनपुर
5. का0 1029 नितिन तोमर थाना कोतवाली मण्डी सहारनपुर
6. का0 500 विकल सोम थाना कोतवाली मण्डी सहारनपुर

-प्रेस नोट-

दिनांकः 22.08.2024

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा मात्र 02 घण्टे में नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी अभियुक्त गिरफ्तार

अवगत कराना है कि दिनांक 22.08.2024 को वादी की लिखित तहरीर बाबत अभियुक्त ओमकार पुत्र शम्भू निवासी बिशनपुरा थाना कोतवाली देहात जनपद सहारनपुर द्वारा वादी की नाबालिग पुत्री के साथ दुष्कर्म करना व जान से मारने की धमकी देने के सम्बंध मे थाना कोतवाली देहात पर मु0अ0स0 350/24 धारा 64(1)/351(3) बीएनएस व 5(M)/6 पोक्सो एक्ट बनाम ओमकार उपरोक्त के पंजीकृत किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर द्वारा तत्काल घटना का संज्ञान लेकर आरोपी अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु आदेश-निर्देश दिये गये। आदेश के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक नगर एंव क्षेत्राधिकारी द्वितीय के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक श्री चन्द्रसैन सैनी के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 22.08.2024 को मुखबिर की सूचना पर थाना कोतवाली देहात पुलिस टीम द्वारा मुकदमा उपरोक्त में दुष्कर्म के आरोपी **अभियुक्त ओमकार उर्फ ओमकुमार उर्फ सोनू पुत्र स्व0 शम्भू निवासी ग्राम विशनपुर थाना कोतवाली देहात जनपद सहारनपुर** को शकलापुरी नगर पटरी, बनिये के बाग के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही कर समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण के नाम व पताः-**

ओमकार उर्फ ओमकुमार उर्फ सोनू पुत्र स्व0 शम्भू निवासी ग्राम विशनपुर थाना कोतवाली देहात, सहारनपुर

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

1. प्रभारी निरीक्षक श्री चन्द्र सैन सैनी थाना कोतवाली देहात जनपद सरहारनपुर।
2. है0का0 865 अमित पाल थाना कोतवाली देहात जनपद सरहारनपुर।
3. का0 2420 विष्णु कुमार थाना कोतवाली देहात जनपद सरहारनपुर

**दिनांक: 22.08.2024**

**-प्रेस नोट-**

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा 01 शातिर अभियुक्त को अवैध चाकू सहित किया गया गिरफ्तार

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में अपराध नियन्त्रण व शातिर अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी नगर द्वितीय के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक श्री चन्द्रसैन सैनी के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 22.08.2024 को मुखबिर की सूचना पर थाना कोतवाली देहात पुलिस टीम द्वारा चैकिंग के दौरान 01 शातिर अभियुक्त सचिन सैनी पुत्र देवीचन्द सैनी निवासी ग्राम चकरहेटी जनता रोड थाना जनकपुरी जनपद सहारनपुर को 01 अवैध चाकू सहित गोपालपुर जाने वाले कट जंगल ग्राम गोपालपुर से गिरफ्तार किया गया। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर थाना कोतवाली देहात पर मु0अ0स0 346/24 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट बनाम सचिन सैनी उपरोक्त के पंजीकृत किया गया। अभियुक्त के विरूद्ध विधिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता:-**

सचिन सैनी पुत्र देवीचन्द सैनी निवासी ग्राम चकरहेटी जनता रोड थाना जनकपुरी जनपद सहारनपुर

**बरामदगी का विवरण:-**

01 अवैध चाकू

**आपराधिक इतिहास –**

1. मु0अ0स0 231/20 धारा 60 आबकारी अधि0 थाना जनकपुरी, स0पुर
2. मु0अ0स0 270/19 धारा 420/465 भादवि थाना जनकपुरी, स0पुर
3. मु346 0स0अ0/4 धारा 24/आर्म्स एक्ट 25 थाना कोतवाली देहात, सहारनपुर

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम:-**

1.प्र0नि0 श्री चन्द्रसैन सैनी सिंह को0देहात सहारनपुर

2.उ0नि0 श्री सुनील यादव को0देहात सहारनपुर

3.का0 2497 रविन्द्र कुमार को0देहात सहारनपुर

4.का0 2169 राहुल कुमार को0देहात सहारनपुर

**दिनांक: 22.08.2024**

-प्रेस नोट-

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## थाना सदर बाजार, सहारनपुर पुलिस द्वारा झपटामारी के मामले में आरोपी वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

अवगत कराना है कि दिनांक 18.07.2024 को वादिया श्रीमती संजीता सिंह पत्नी राजकुमार सिंह निवासी मकान न0 2 B 925 नवीन नगर शिव मन्दिर के पीछे बन्द गली थाना सदर बाजार जनपद सहारनपुर की लिखित तहरीर बाबत अज्ञात अभियुक्तगण द्वारा वादिया का पर्स जिसमें मेकअप का सामान व 16000 रुपये थे को झपट कर भाग जाने की सूचना के आधार पर थाना सदर बाजार पर 392/2024 धारा 304 बीएनएस के पंजीकृत कराया गया था । मुकदमा उपरोक्त में पूर्व में 02 अभियुक्तो को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय के आदेश के अनुपालन में जेल भेज दिया गया है।

**वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर द्वारा तत्काल घटना का संज्ञान लेकर अभियुक्तो की गिरफ्तारी हेतू आदेश-निर्देश दिये गये ।** आदेश के अनुपालन मे पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी नगर द्वितीय के निकट पर्यवेक्षण मे तथा प्रभारी निरीक्षक श्री सूबे सिंह के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 22.08.2024 को मुखबिर की सूचना पर थाना सदर बाजार पुलिस टीम द्वारा मुकदमा उपरोक्त में कार्यवाही करते हुए चैकिंग के दौरान **01 झपटामार अभियुक्त दीक्षित पुत्र सुरेन्द्र कुमार निवासी पारस विहार कालोनी दिल्ली रोड थाना सदर बाजार जिला सहारनपुर** को रेलवे स्टेशन के पीछे शनिदेव मन्दिर के पास से गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त के विरुध अन्य आवश्यक विधिक कार्यावाही कर समय से मान0 न्यायालय में पेश किया जा रहा है ।

अभियुक्त दीक्षित ने पूछने पर बताया कि मै नशा करने का आदी हूँ नशे की लत के कारण मुझे घरवाले पैसे नही देते है और नशे की पूर्ति करने के लिये मै छोटी मोटी चोरी कर लेता हूँ मैने अपने साथियों कुनाल शर्मा व क्षितिज शर्मा के साथ दिनांक 18.07.24 की शाम को मोटर साइकिल से प्रेम वाटिका के पास घूम रहा था तथा हम तीनो ने रैकी की फिर मै आर्य डेरी के पास ही मो0सा0 से उतर गया मैने इशारा करके कुनाल शर्मा व क्षितिज शर्मा को जाती हुई महिला से पर्स छिनने के लिये कहा और कुनाल व क्षितिज ने उस महिला से पर्स छीन लिया और हम तीनों वहा से भाग गये। उसके बाद पर्स से मिले पैसो को हम तीनो ने आपस मे बाट लिया था मेरे हिस्से मे आये पैसो को मैने खर्च कर लिये है। मेरे दोनों दोस्तो को पुलिस ने पहले ही पकड़ लिया था ।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पताः-**

दीक्षित पुत्र सुरेन्द्र कुमार निवासी पारस विहार कालोनी दिल्ली रोड थाना सदर बाजार जिला सहारनपुर

**अभियुक्त दीक्षित उपरोक्त का आपराधिक इतिहास –**

1. मु0अ0सं0 131/19 धारा 379/411 भादवि थाना सदर बाजार सहारनपुर
2. मु0अ0सं0 489/19 धारा 392,411 IPC थाना सदर बाजार सहारनपुर
3. मु0अ0सं0 496/19 धारा 392,411 IPC थाना सदर बाजार सहारनपुर
4. मु0अ0सं0 500/19 धारा 392,411 IPC थाना सदर बाजार सहारनपुर
5. मु0अ0सं0 566/19 धारा 392,411 IPC थाना सदर बाजार सहारनपुर

6. मु0अ0सं0 567/19 धारा 392,411 IPC थाना सदर बाजार सहारनपुर
7. मु0अ0सं0 568/19 धारा 392,411 IPC थाना सदर बाजार सहारनपुर
8. मु0अ0सं0 630/19 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट थाना सदर बाजार सहारनपुर
9. मु0अ0सं0 632/21धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना सदर बाजार सहारनपुर
10. मु0अ0सं0 392/24 धारा 304 बीएनएस थाना सदर बाजार सहारनपुर

**गिरफ्तार करने वाली टीम का नामः-**

1. उ0नि0 श्री राहुल शर्मा थाना सदर बाजार जनपद सहारनपुर
2. का0 अंकित यादव थाना सदर बाजार जनपद सहारनपुर

-प्रेस नोट-

**दिनांकः 22.08.2024**

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा 01 वारंटी अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर के निर्देशन में अपराध नियंत्रण व वांछित/वारण्टी अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन के क्रम में पुलिस अधीक्षक नगर एंव क्षेत्राधिकारी द्वितीय के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक श्री चन्द्रसैन सैनी के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 22.08.2024 को मुखबिर की सूचना पर थाना कोतवाली देहात पुलिस टीम द्वारा 01 वारंटी **अभियुक्त देशराज सिह पुत्र फूल सिह निवासी ग्राम देवला थाना कोतवाली देहात जनपद सहारनपुर** को सम्बन्धित वाद सं0 2650/2024 धारा 380/411 भादवि चालानी थाना कोतवाली देहात सहारनपुर को उसके घर से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही कर समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्त के नाम व पताः-**

देशराज सिह पुत्र फूल सिह निवासी ग्राम देवला थाना कोतवाली देहात जनपद सहारनपुर

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

1. प्र0नि0 श्री चन्द्रसैन सैनी थाना कोतवाली देहात जनपद सहारनपुर।
2. उ0नि0 श्री जगवीर सिंह थाना कोतवाली देहात जनपद सहारनपुर।
3. है0का0 207 दिनेश कुमार थाना कोतवाली देहात जनपद सहारनपुर।